CLASS :- V

# पाठ - 5 ओणम

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) विष्णु जी किस रूप में महाबलि के पास गए ?

उ० विष्णु जी वामन रूप में महाबलि के पास गए।

(ख) विष्णु जी ने कितने पग भूमि माँगी ?

उ० विष्णु जी ने तीन पग भूमि माँगी।

(ग) महाबलि को कहाँ का राज्य मिला ?

उ० महाबलि को पाताल लोक का राज्य मिला।

(घ) महाबलि ने विष्णु जी से क्या प्रार्थना की ?

उ० महाबलि ने विष्णु जी से प्रार्थना की - "भगवान। आप मुझे हर वर्ष अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दे दे तो बड़ी कृपा होगी।"

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(क) ओणम कहाँ, कब और क्यों मनाया जाता है?

उ० ओणम केरल में और श्रावण मास में राजा महाबलि के अपनी प्रजा से मिलने आने की खुशी में मनाया जाता है।

(ख) महाबलि को उनकी प्रजा क्यों प्यार करती थी?

उ० महाबलि को उनकी प्रजा इसलिए प्यार करती थी क्योंकि वे अत्यंत पराक्रमी, दयालु और दानी राजा थे।

(ग) देवराज इंद्र विष्णु जी के पास क्यों गए?

उ० देवराज इंद्र विष्णु जी के पास इसलिए गए क्योंकि महाबलि के कारण उन्हें अपने सिंहासन की चिंता हो रही थी।

(घ) ओणम के दिन विशेष रूप से कौन से पकवान बनाए जाते हैं?

उ० ओणम के दिन विशेष रूप से चावल, दाल, पापड़, सांभर, उत्पेरी (पकौड़ी) पायसम (खीर) आदि पकवान बनाए जाते हैं।

(ङ.) केरल में क्या देखने पर्यटक दूर-दूर से आते हैं?

उ० केरल मे आयोजित होनेवाली नौका दौड़ को देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं।

CLASS:- V

## पाठ - 6 सामर्थ्यवान इकबाल

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) इकबाल का जन्म कहाँ हुआ था?

उ० इकबाल का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था।

(ख) इकबाल के परिवार की आर्थिक स्थिति कैसी थी?

उ० इकबाल के पिता एक सामान्य किसान थे इसलिए आर्थिक स्थिति सही नही थी।

(ग) इकबाल ने अपने प्रिय खिलाडियों के चित्र क्यों जला दिए?

उ० इकबाल ने अपने प्रिय खिलाडियों के चित्र जला दिए क्योंकि उसे अकादमी से बाहर निकाल दिया था।

(घ) मोहित कौन था? वह क्या बनना चाहता था?

उ० मोहित एक क्रिकेटर था। वह भारतीय टीम का हिस्सा बनना चाहता था।

(ङ) मोहित के सपनों को किसने लील लिया था?

उ० क्रिकेट की गंदी राजनीति ने मोहित के सपनों को लील लिया था।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(क) इकबाल के पिता क्रिकेट के बारे में क्या विचार रखते थे?

उ० इकबाल के पिता को क्रिकेट का खेल समय की बर्बादी लगता था।

(ख) खादीजा कौन थी? उसने इकबाल की सहायता किस प्रकार की?

उ० खादीजा इकबाल की बड़ी बहन थी। उसने किसी तरह प्रयास करके उसका दाखिला क्रिकेट अकादमी में करवा दिया।

(ग) इकबाल क्रिकेट के बारे में क्या अनुभव करता था?

Date :
Page No :

उ० इकबाल अनुभव करता था कि क्रिकेट जैसे खेल में धन, शक्ति और राजनीति हावी थी। उस जैसे मेहनतकश, निम्नवर्गीय खिलाड़ी के लिए वहाँ कोई स्थान ही नही है।

(घ) इकबाल को अकादमी से बाहर क्यों निकाल दिया गया?

उ० इकबाल को अकादमी से बाहर खेल राजनीति के कारण निकाल दिया गया।

(ङ) मोहित ने इकबाल को राजनीति के दलदल से बाहर कैसे निकाला?

उ० इकबाल ने मोहित से प्रशिक्षण प्राप्त करना आरंभ किया। मोहित उसके लिए अत्यंत कठिन श्रम कर रहा था। आखिर हीरे से धूल हटने लगी एक बार राजनीति की काली चादर इकबाल के भविष्य को ढंकना चाहती थी परंतु इस खेल का पुराना खिलाड़ी मोहित उसके साथ था और इस बात उसने मात नही खाई। मोहित ने उसे इस दलदल से बाहर खींच लिया

निम्नलिखित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए -

"आखिर हीरे से धूल हटने लगी।"

आशय → जैसे - जैसे इकबाल के खेल में निखार आता गया, वैसे - वैसे उसका खेल चमकने लगा और वह ऊँचाइयाँ छूने लगा।

CLASS V

# पाठ - 7 सभा का खेल

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य मे दीजिए -

(क) कविता में बच्चे क्या कर रहे हैं?

उ० कविता मे बच्चे सभा का खेल खेल रहे हैं।

(ख) बच्चे कौन-कौन से महान व्यक्तियों की भूमिका निभा रहे हैं?

उ० बच्चे गांधी, नेहरू, सरोजनी आदि महान विभूतियों की भूमिका निभा रहे हैं।

(ग) खद्दर का कुर्ता किसने पहना?

उ० खद्दर का कुर्ता छोटे ने पहना।

(घ) पुलिस बनने के लिए किसको कहा गया?

उ० पुलिस बनने के लिए मोहन लल्ली को कहा गया।

(ङ) काका जी के आने पर नेहरू जी

Date
Page No.

की भूमिका निभाने वाले बच्चे ने क्या किया?

उ० काका जी के आने पर नेहरू जी की भूमिका निभाने वाला बच्चा सीट छोड़कर भागा।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए —

(क) गांधी जी की भूमिका निभाने वाले ने क्या - क्या लाने को कहा?

उ० गांधी जी की भूमिका निभाने वाले ने लंगोटी, गमछा, खद्दर का कुर्ता और साडी लाने को कहा।

(ख) गांधी जी की बात सुनकर छोटे ने क्या कहा?

उ० गांधी जी बात सुनकर छोटे ने कहा — "दया भैया मैं तो मार नहीं खाऊंगा और जो मारेगा, मैं भी उसे मारूँगा।"

(ग) बडे ने छोटे को कैसे मनाया?

उ० बडे ने छोटे से कहा — "यह झूठ-मूठ का खेल है, इसमें मार नहीं पडेगी।"

Date :
Page No :

(घ) काका जी के आने से बच्चे क्यो खुश हुए?

उ० काका जी के आने से बच्चे खुश हो गए क्योंकि उन्हें सिनेमा देखने और केक-मिठाई खाने को मिलना था।

दिए गए अर्थ की पंक्तियाँ कविता में से ढूंढकर लिखिए -

(क) छोटे भइया खेल-खेल मे यह तो झूठ-मूठ की मार होगी।

उ० खेल-खेल में छोटे भैया
होगी झूठमूठ की मार

(ख) आपको कोई चोट नही आएगी।

उ० चोट न आएगी नेहरू जी।

(ग) अब मार खाने के लिए तैयार हो जाओ

उ० अब तुम हो जाओ तैयार।

Date :
Page No

CLASS :- V

# पाठ - 8 स्वामी विवेकानंद

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) स्वामी विवेकानंद का जन्म कब हुआ था?

उ० स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 ई० को हुआ था।

(ख) स्वामी विवेकानंद के माता-पिता का क्या नाम था?

उ० स्वामी विवेकानंद की माता का नाम भुवनेश्वरी देवी और पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था।

(ग) स्वामी विवेकानंद के गुरु का क्या नाम था?

उ० स्वामी विवेकानंद के गुरु का नाम रामकृष्ण परमहंस था।

(घ) स्वामी विवेकानंद को शिक्षा-संस्कार किससे मिले?

उ० स्वामी विवेकानंद को शिक्षा - संस्कार उनके माता - पिता से मिले।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बिस्तार से लिखिए -

(क) स्वामी विवेकानंद को 'योद्धा संन्यासी' क्यों कहा जाता है?

उ० स्वामी विवेकानंद का शरीर सौष्ठव योद्धाओं जैसा था। इसलिए उन्हें योद्धा संन्यासी कहा जाता है।

(ख) 'स्वामी विवेकानंद गुरु भक्त थे।' उदाहरण लिखकर स्पष्ट कीजिए।

स्वामी विवेकानंद ने गुरु के पद चिह्नों पर अर्थात बताए रास्तो पर चलकर धार्मिक कार्य किए इसलिए वे गुरुभक्त कहलाए।

(ग) स्वामी विवेकानंद ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय मे संभाषण कब किया?

उ० स्वामी विवेकानंद ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय मे संभाषण 16 मई, सन् 1884 ई० को दिया था।

(घ) स्वामी विवेकानंद का स्वर्गवास कब हुआ था ?

उ० स्वामी विवेकानंद का स्वर्गवास 4 जुलाई, सन 1902 ई० को वेल्लूर में हुआ था।

(ङ) स्वामी विवेकानंद को ख्याति क्यों मिली ?

उ० स्वामी विवेकानंद को उनके हार्वर्ड विश्वविद्यालय में 16 मई, सन 1884 को दिए गए संभाषण के कारण ख्याति मिली।

(च) स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को क्या संदेश दिया ?

उ० स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को संदेश दिया कि "उठो, जागो, स्वयं जागकर और को जगाओ। अपने मानव-जन्म को सफल करो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"

Date __/__/____

CLASS:- V

## पाठ - 9 कंप्यूटर

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) आज का युग कौन - सा युग कहलाता है?
उ० आज का युग वैज्ञानिक युग कहलाता है।

(ख) कंप्यूटर किस आकार का उपकरण है?
उ० कंप्यूटर बक्से के आकार का मिलता-जुलता उपकरण है।

(ग) प्रिंटर क्या कार्य करता है?
उ० जो कुछ हम स्क्रीन पर देखते हैं, उसे प्रिंटर द्वारा कागज पर छापकर निकाला जाता है।

(घ) चलता - फिरता कंप्यूटर किसे कहते हैं?
उ० चलता - फिरता कंप्यूटर लैपटॉप को कहते हैं।

(ङ) आने वाले दिनों में रोबोट क्या काम करेगा?
उ० आने वाले दिनों में रोबोट दुकानों

"Failure comes only when we forget our ideals and objectives and principles." —Jawaharlal Nehru

Date __/__/__ Page No.: ______

और दफ्तरों में काम करता हुआ दिखाई देगा।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(क) कंप्यूटर किसे कहते हैं?

उ० कंप्यूटर मनुष्य द्वारा बनाई गई एक ऐसी अनोखी मशीन है जिसमें तरह-तरह की सूचनाएँ और जानकारियाँ एकत्र करके रखी जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर क्षणभर में कोई भी सूचना प्राप्त की जा सकती है। यह मशीन बिजली से चलती है।

(ख) लैपटॉप सामान्यतया कंप्यूटर से किस प्रकार भिन्न होता है?

उ० लैपटॉप सामान्य कंप्यूटर से आकार में छोटा है। सामान्य कंप्यूटर में एक ही स्थान पर रखकर कार्य किया जाता है। लेकिन लैपटाप को कहीं भी आसानी से ले जाया जा सकता है और यात्रा करते हुए भी इसपर कार्य किया जा सकता है। सामान्य कंप्यूटर बिजली से चलता है, जबकि लैपटाप

Date __/__/__ Page No.: _____

बैटरी और बिजली दोनों से चलता है।

(ग) कंप्यूटर किस प्रकार मानव की मदद करता है?

उ० आज कोई भी क्षेत्र कंप्यूटर से अछूता नहीं है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, व्यवसाय का क्षेत्र हो, संगीत और कला का क्षेत्र हो, चिकित्सा अथवा खगोल विज्ञान का क्षेत्र हो, कंप्यूटर के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है।

(घ) बच्चे कंप्यूटर का सबसे ज्यादा प्रयोग कैसे करते हैं?

उ० बच्चे कंप्यूटर का सबसे ज्यादा प्रयोग मनोरंजन के लिए करते हैं।

(ङ) सी० पी० यू० क्या कार्य करता है?

उ० सी० पी० यू० अत्यंत तीव्रगति से सूचनाओं की जाँच करता है और उसका परिणाम तुरंत मॉनीटर नामक स्क्रीन पर दिखाई पड़ने लगता है।

"Failure comes only when we forget our ideals and ot...

खिक

नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-
विष्णु जी किस रूप में महाबली के पास गए?
विष्णु जी ने कितने पग भूमि माँगी?
महाबलि को कहाँ का राज्य मिला?
महाबलि ने विष्णु जी से क्या प्रार्थना की?

खित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-
(क) ओणम कहाँ, कब और क्यों मनाया जाता है?
(ख) महाबलि को उनकी प्रजा क्यों प्यार करती थी?
(ग) देवराज इंद्र विष्णु जी के पास क्यों गए?
(घ) ओणम के दिन विशेष रूप से कौन-से पकवान बनाए जाते हैं?
(ङ) केरल में क्या देखने पर्यटक दूर-दूर से आते हैं?

सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरे कीजिए-
(क) ओणम का त्योहार श्रावण मास में मनाया जाता है। (श्रावण / कार्तिक)
(ख) महाबलि की परीक्षा लेने के लिए विष्णु जी ने वामन का अवतार धारण किया। (गज / वामन)
(ग) केरलवासी अपने राजा के स्वागत के रूप में 'ओणम' मनाते हैं। (स्वागत / याद)
(घ) मध्याह्न में केले के पत्ते पर लोग भोजन करते हैं। (पपीते / केले)
(ङ) गाँववासी सर्पाकार नौकाओं को लेकर पंपा नदी के तट पर आते हैं। (सर्पाकार / गजाकार)

सही उत्तर चुनकर भरिए-
(क) ओणम हमें महाबलि के समान दानी बनने की शिक्षा देता है।
(अ) कृपण (ब) वीर (स) दानी ✓
(ख) लड़कियाँ और स्त्रियाँ ताली बजाती हुईं सामूहिक नृत्य करती हैं।
(अ) ✓ सामूहिक (ब) व्यक्तिगत (स) जोड़े में
(ग) महाबलि ने अपना सिर झुका दिया।
(अ) हाथ (ब) ✓ सिर (स) मुँह

4. रेखा खींचकर वाक्यांशों का सही मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| 1 केरल में | प्राक्रमी, दयालु और दानी थे। 2 |
| 2 राजा अत्यंत | तीन पग भूमि ले सकते हैं। 3 |
| 3 आप जहाँ चाहें वहाँ | एक केरल राज्य है। 5 |
| 4 भगवान विष्णु ने उन्हें | पाताल का राज्य दे दिया। 4 |
| 5 दक्षिण भारत में | महाबलि नाम के राजा थे। 1 |

## भाषा-बोध

1. नीचे लिखे शब्दों को बहुवचन में लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| परीक्षा | परीक्षाएँ | मूर्ति | मूर्तियाँ |
| प्रार्थना | प्रार्थनाएँ | लड़की | लड़कियाँ |
| कविता | कविताएँ | स्त्री | स्त्रियाँ |
| नौका | नौकाएँ | नदी | नदियाँ |
| प्रजा | प्रजाजन | कलाकृति | कलाकृतियाँ |

2. पढ़िए, समझिए और लिखिए-

यह कथा पुराने काल से संबंधित है अर्थात् यह एक पौराणिक कथा है। ऊपर दिए गए वाक्य में कई शब्दों के लिए ए शब्द का प्रयोग किया गया है।

नीचे लिखे शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-

सर्प के आकार वाला — सर्पाकार

मन को मोहने वाला — मनमोहक

दोपहर का समय — मध्याह्न

दया का भाव रखने वाला — दयालु

दूसरे स्थानों को देखने के लिए घूमने वाले — पर्यटक

3. नीचे लिखे शब्दों में से व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक शब्द अलग-अलग करके लिखिए-

त्योहार, ओणम, महाबलि, मूर्ति, दया, देवराज, उल्लास, आनंद, खुशी, केरल, राज्य, प्रजा

व्यक्तिवाचक - महाबलि, देवराज, ओणम, केरल

जातिवाचक - त्योहार, मूर्ति, राज्य, प्रजा

भाववाचक - दया, उल्लास, आनंद, खुशी

(घ) मोहित कौन था? वह क्या बनना चाहता था?
(ङ) मोहित के सपनों को किसने लील लिया था?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-
   (क) इकबाल के पिता क्रिकेट के बारे में क्या विचार रखते थे?
   (ख) खादीजा कौन थी? उसने इकबाल की सहायता किस प्रकार की?
   (ग) इकबाल क्रिकेट के बारे में क्या अनुभव करता था?
   (घ) इकबाल को अकादमी से बाहर क्यों निकाल दिया गया?
   (ङ) मोहित ने इकबाल को राजनीति के दलदल से बाहर कैसे निकाला?

2. निम्नलिखित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए-
   'आखिर हीरे से धूल हटने लगी।'

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
   (क) क्रीड़ा-जगत में ___क्रिकेट___ का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है।
   (ख) इकबाल जन्म से ही ___बोलने___ और ___सुनने___ की शक्ति से वंचित था।

(ग) खादीजा अपने भाई को खेल का अभ्यास करवाना अपना परम कर्तव्य मानती थी।

(घ) इकबाल ने मोहित से क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त करना आरंभ किया।

(ङ) मोहित का चित्र देखते ही इकबाल को अँधेरे को चीरकर प्रकाश की एक लौ नज़र

## भाषा-बोध

1. वे शब्द जो अर्थ की दृष्टि से समान होते हैं, पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। इन शब्दों को समानार्थी श
कहते हैं। जैसे- पृथ्वी के लिए धरा, धरती आदि कई शब्द हैं।

दिए गए शब्दों के सामने उनके दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| बचपन | - | बालपन | बाल्यावस्था |
| संसार | - | विश्व | जगत |
| किसान | - | कृषक | खेतिहर |
| आँख | - | अक्षि | नयन |
| माँ | - | माता | जननी |

2. जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता का बोध हो, वे विशेषण कहलाते हैं। जैसे- घमंडी लड़क

पाठ में से पाँच-पाँच विशेषण तथा उनके विशेष्य शब्द छाँटकर लिखिए-

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| पुराना | खिलाड़ी |
| मूक-बधिर | इकबाल |
| लोकप्रिय | खेल |
| गरीब | किसान |
| मेहनतकश | खिलाड़ी |

3. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गली | - | गलियाँ | खिड़की | - | खिड़कियाँ |
| आँख | - | आँखें | भाषा | - | भाषाएँ |
| सपना | - | सपने | चुनौती | - | चुनौतियाँ |

4. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रारंभ | × | अंत | आज | × | कल |
| बाहर | × | भीतर | निम्न | × | उच्च |
| अंधेरा | × | प्रकाश | विजय | × | पराजय |

5. क्रिया के बिना कोई भी वाक्य पूर्ण नहीं होता। वाक्य का पूर्ण अर्थ जानने के लिए क्रिया शब्दों का प्रयोग किया जाता है। क्रिया शब्दों के द्वारा ही ज्ञात होता है कि क्रिया किस समय में की गई है।

क्रिया शब्दों के नीचे रेखा खींचिए और काल बताइए-

(क) क्रिकेट गली-गली में खेला जाता है। वर्तमान काल

(ख) उसने टीम में अपनी जगह बना ली। भूतकाल

(ग) पिता की दुनिया खेती-बाड़ी तक सिमटी हुई थी। भूतकाल

(घ) इकबाल नहीं जानता था कि वह अपनी टीम को जिता देगा। भविष्यत काल

## पाठ से आगे

1. कक्षा में अपने सहपाठियों से किसी ऐसे प्रसिद्ध व्यक्ति के बारे में वार्तालाप कीजिए जो मूक या बधिर हो लेकिन अपने आत्मविश्वास के बल पर सफलता अर्जित की हो।

2. 'क्रिकेट एक सशक्त खेल' विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

3. भारतीय क्रिकेट टीम में कप्तान रह चुके पाँच खिलाड़ियों के चित्र एक चार्ट पर चिपकाकर उनपर दो-दो वाक्य लिखिए।

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-
   - (क) गांधी जी की भूमिका निभाने वाले ने क्या-क्या लाने को कहा?
   - (ख) गांधी जी की बात सुनकर छोटे ने क्या कहा?
   - (ग) बड़े ने छोटे को कैसे मनाया?
   - (घ) काका जी के आने से बच्चे क्यों खुश हुए?
2. दिए गए अर्थ की पंक्तियाँ कविता में से ढूँढ़कर लिखिए-
   - (क) छोटे भइया खेल-खेल में यह तो झूठ-मूठ की मार होगी।
   - (ख) आपको कोई चोट नहीं आएगी।
   - (ग) अब मार खाने के लिए तैयार हो जाओ।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आज | × | कल | भारी | × | हलका |
| छोटा | × | बड़ा | प्रारंभ | × | अंत |
| बढ़िया | × | घटिया / खराब | शुद्ध | × | अशुद्ध |

2. दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए-

खेल = ख् + ए + ल् + अ

संसार = स् + न् + अ + स् + आ + र् + अ

संकेत = स् + न् + अ + क् + ए + त् + अ

विपरीत = व् + इ + प् + अ + र् + ई + त् + अ

खेती = ख् + ए + त् + ई

3. दिए गए शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुरता | - | पुल्लिंग | खेल | - | पुल्लिंग |
| पेटी | - | स्त्रीलिंग | सूई | - | स्त्रीलिंग |
| साड़ी | - | स्त्रीलिंग | भाषण | - | पुल्लिंग |
| लंगोटी | - | स्त्रीलिंग | सभा | - | स्त्रीलिंग |

4. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाठी | - | लाठियाँ | बात | - | बातें |
| मिठाई | - | मिठाइयाँ | चरखा | - | चरखे |
| चीज़ | - | चीजें | गाड़ी | - | गाड़ियाँ |

5. कविता में आए चार व्यक्तिवाचक तथा चार जातिवाचक संज्ञा शब्द लिखिए-

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा |
|---|---|
| गांधी जी | पेटी |
| नेहरु जी | माँ |
| सरोजिनी | कुत्ता |
| मोहन | खेल |

## पाठ से आगे

1. इस कविता को नाटक के रूप में लिखकर विद्यालय के मंच पर मंचन कीजिए।

2. गाँवों में कौन-कौन से खेल खेले जाते हैं?

3. आपको कौन-कौन से खेल अच्छे लगते हैं? उनके चित्र चिपकाइए और नाम भी लिखिए।

# अभ्यास बोध

खिक

लिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

स्वामी विवेकानंद का जन्म कब हुआ था?

स्वामी विवेकानंद के माता-पिता का क्या नाम था?

स्वामी विवेकानंद के गुरु का क्या नाम था?

स्वामी विवेकानंद को शिक्षा-संस्कार किससे मिले?

खित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) स्वामी विवेकानंद को 'योद्धा संन्यासी' क्यों कहा जाता है?

(ख) 'स्वामी विवेकानंद गुरु भक्त थे।' उदाहरण लिखकर स्पष्ट कीजिए।

(ग) स्वामी विवेकानंद ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में संभाषण कब किया?

(घ) स्वामी विवेकानंद का स्वर्गवास कब हुआ था?

(ङ) स्वामी विवेकानंद को ख्याति क्यों मिली?

(च) स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को क्या संदेश दिया?

निम्नलिखित शब्दों का वाक्य प्रयोग कीजिए-

र्शनीय - भारत में अनेक दर्शनीय स्थल है।

भाषण - ओजपूर्ण संभाषण सबको प्रभावित करता है।

नोयोग - अध्यापक महोदय की बातें पूर्ण मनोयोग से सुननी चाहिए

त्थान - हमें गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए।

श्रय - हमें निराश्रयों के लिए उचित आश्रय की व्यवस्था करनी चाहिए।

क्त स्थान भरिए-

(क) उनके बचपन का नाम नरेंद्र था।

(ख) विवेकानंद ने 25 वर्ष की अवस्था में संन्यासीवस्त्र धारण कर लिया था।

(ग) इनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता (कोलकाता) में हुआ था।

(घ) इनकी माता का नाम भुवनेश्वरी था।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिवस | - | दिन | वार |
| निर्माण | - | बनाना | रचना |
| संदेश | - | पैगाम | सूचना |
| स्थल | - | स्थान | जगह |

2. 'ता' प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाइए-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अनुरूप | + | ता | = | अनुरूपता |
| तत्पर | + | ता | = | तत्परता |
| पुष्ट | + | ता | = | पुष्टता |
| भारतीय | + | ता | = | भारतीयता |
| नैतिक | + | इक | = | नैतिक |

3. निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह कीजिए-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रामकृष्ण | = | राम | + | कृष्ण |
| थूकदानी | = | थूक | + | दानी |
| महापुरुष | = | महा | + | पुरुष |
| गुरुदेव | = | गुरु | + | देव |

4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(क) स्वामी विवेकानंद 'योद्धा-संन्यासी' नामक जाने जात थे।

स्वामी विवेकानंद 'योद्धा-संन्यासी के नाम से जाने जाते

(ख) स्वामी विवेकानंद को बचपन को नाम नरेंद्र थो।

स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था।

(ग) गुरु की सेवो में सदैव तत्पर रहत थे।

गुरु की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे।

(घ) इनको स्वर्गवास 4 जुलाई, 1902 को हुयो था।

इनका स्वर्गवास 4 जुलाई 1902 को हुआ था।

(ङ) आज रोष्ट्र ऐसा महापुरुष पर गर्व करती है।

आज राष्ट्र ऐसे महापुरुष पर गर्व करता है।

# अभ्यास बोध

## मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क) आज का युग कौन-सा युग कहलाता है?
(ख) कंप्यूटर किस आकार का उपकरण है?
(ग) प्रिंटर क्या कार्य करता है?
(घ) चलता-फिरता कंप्यूटर किसे कहते हैं?
(ङ) आने वाले दिनों में रोबोट क्या काम करेगा?

## लिखित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) कंप्यूटर किसे कहते हैं?
(ख) लैपटॉप सामान्यता कंप्यूटर से किस प्रकार भिन्न होता है?
(ग) कंप्यूटर किस प्रकार मानव की मदद करता है?
(घ) बच्चे कंप्यूटर का सबसे ज़्यादा प्रयोग कैसे करते हैं?
(ङ) सी०पी०यू० क्या कार्य करता है?

निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

स्वामी - मनुष्य असीमित शक्ति का स्वामी बन बैठा है।
मस्तिष्क - उसके मस्तिष्क में बहुत से विचार हैं।
शरीर - उसका शरीर कमजोर है।
बिलकुल - यह छात्र बिलकुल नहीं पढ़ता।

सही कथन के सामने सही (✓) और गलत के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) कंप्यूटर अत्यंत धीमी गति से काम करता है। ✗
(ख) टी०वी० जैसे स्क्रीन को माउस कहते हैं। ✗
(ग) प्रिंटर के द्वारा कागज़ पर छापकर निकाला जाता है। ✓
(घ) कंप्यूटर का मशीनी मस्तिष्क, मानव मस्तिष्क जैसा बिलकुल नहीं बन सकता। ✓

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के बाद में लगनेवाले शब्दांशों (प्रत्यय) को समझकर शब्द बनाइए-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मनुष्य | + | ता | = | मनुष्यता |
| सुंदर | + | ता | = | सुंदरता |
| आवश्यक | + | ता | = | आवश्यकता |
| सरल | + | ता | = | सरलता |
| शक्ति | + | शाली | = | शक्तिशाली |
| बल | + | शाली | = | बलशाली |
| समृद्धि | + | शाली | = | समृद्धिशाली |
| योग | + | दान | = | योगदान |

2. पाठ में आए विशेषण-विशेष्य (संज्ञा) शब्दों की सूची बनाइए-

| विशेषण | विशेष्य | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|
| असीमित | शक्ति | छोटा | आकार |
| तीव्र | गति | आसान | इलाज |
| अनोखी | मशीन | बौद्धिक | विकास |
| सरल | यंत्र | आंतरिक | रोगों |

3. नीचे दिए गए वचन के तीनों रूपोंवाले शब्द पढ़िए और समझिए-

| | | |
|---|---|---|
| मशीन | मशीनें | मशीनों को |
| सूचना | सूचनाएँ | सूचनाओं ने |
| दुकान | दुकानें | दुकानों में |
| पुस्तक | पुस्तकें | पुस्तकों ने |

## पाठ से आगे

1. आजकल कंप्यूटर का उपयोग किन-किन क्षेत्रों में हो रहा है?
2. क्या कंप्यूटर मनुष्य की जगह ले रहा है?
3. कंप्यूटर के भिन्न-भिन्न मॉडलों के चित्र इकट्ठे कर अपनी कॉपी में लगाओ और मित्रों में जानकारी बाँटि